मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 214/2024
19 अगस्त 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

★ भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह एवं विश्वास का पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 'X' (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर लिखा..
==========================
राज्य की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखण्ड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

▪झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY) के अंतर्गत राज्य की 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी। एक परिवार में अगर मेरी 3-4 बहनें हैं तो उस परिवार के लिए सिर्फ इस योजना से एक साल में सम्मान राशि 36-48 हजार रुपए होगी।

▪देश में झारखण्ड पहला राज्य है जहां 50 वर्ष से अधिक की विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं-बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए के पेंशन का सम्मान दे रही है राज्य सरकार। यह पेंशन राशि लाखों माताओं-बहनों के बुढ़ापे का सहारा बन रही है। हर साल आपको 12 हजार रुपए की यह राशि, आपके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत बना रही है।

▪आपकी झारखण्ड सरकार ने राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का भी काम किया है। कुल 40 हजार रुपए की यह सहायता राशि मेरी हर बहन और बेटी को आगे बढ़ने में मदद कर रही है।

▪यह भी झारखण्ड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को हजारों करोड़ रुपए की राशि बैंक क्रेडिट/लिंकेज के रूप में दी गयी है। विगत साढ़े चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन के लिए दीदी- बहनों को प्रदान की गयी। पूर्व की सरकारों से राशि 12 गुना अधिक है। आपके द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित कई उत्पादों ने देश-विदेश में धूम मचाई हुई है।

▪राज्य की 35 हजार से अधिक माताओं-बहनों को फूलो-झानो अभियान से जोड़कर वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान किये गए हैं। 50 हजार रुपए तक की राशि उन प्रत्येक माताओं-बहनों की सहायक बनी है।

▪अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साईकिल वितरण योजना आदि ऐसी कई योजनाओं को आपके इस भाई और झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य की आधी आबादी तथा अन्य लोगों के लिए चलाया जा रहा है।

▪आपके मान-स्वाभिमान और सम्मान के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा यह छोटा सा प्रयास आने वाले समय में और वृहद रूप लेकर अनवरत चलता जाएगा।

आज रक्षा बंधन के पावन अवसर पर पुनः सभी माताओं, बहनों और बेटियों को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।
###
==========================
TeamPRD(CMO)